तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025

9 मैनपुर में दुर्गा उत्सव की तैयारी शुरू, नई समिति...

10 नीति आयोग की टीम ने मैनपुर-गरियाबंद...




## खबर संक्षेप



### उदंती में तेंदुए ने किया मवेशी का शिकार तस्वीर कैमरे में कैद

**मैनपुर।** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक बार फिर तेंदुए ने मवेशी का शिकार किया है। यह घटना जंगल के अंदर लगाए गए कैमरे में कैद हो गई है। टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह 30 अगस्त की घटना है। इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती हुई गतिविधियों को दर्शाती हैं।

### 7 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**छुईहा बेलर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध नया सवेरा अभियान' के तहत आज एक बड़ी सफलता मिली। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम कुण्डेल निवासी नंदकुमार को 7 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी गुरुवार को छुईहा में हुई। आरोपी नंदकुमार ने पुलिस को बताया कि वह चरोदा से शराब लेकर अपने गाँव कुण्डेल जा रहा था और छुईहा में ग्राहक का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पुलिस पेट्रोलिंग टीम की नजर उस पर पड़ी। शक होने पर तलाशी ली गई, जिसमें 7 लीटर से ज़्यादा कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम धौवड़े के निर्देश पर विवेचक धनुष यादव ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत कार्रवाई की। न्यायालय के निर्देश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**राजिम।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 125वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इस कार्यक्रम को सुनने के लिए राजिम मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ क्रमांक 94 में विशेष आयोजन किया। सुबह 11 बजे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू के साथ महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, मंत्री लोकेश सोनी, सभापति आकाश राजपूत, मीडिया प्रभारी युवराज साहू, कार्यकारिणी सदस्य संजीव साहू, बूथ अध्यक्ष राजेश धीवर, बादल साहू और दुर्गेश धीवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर इस कार्यक्रम को सुना।

### बसना क्षेत्र में लूटपाट के मामलों में नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना क्षेत्र में लूटपाट के मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यालालय में पेश किया गया। पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि 30 अगस्त को प्रार्थी बनवारी लाल नंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भाई डिग्रीलाल नंद के घर बसना आया था, शाम करीबन 6.30 बजे हाई स्कूल बसना की ओर से टहलकर अपने भाई के घर वापस आ रहा था। तभी नायकपारा बसना में लक्ष्मी किराना स्टोर्स के पास एक पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 1590 में चार लड़के राजा सोनवानी, हरीश ओगरे, सूरज यादव व एक नाबालिग गाली गलौच करने लगे व मारपीट करने लगे। इस दौरान राजा सोनवानी ने प्रार्थी का कालर पकड लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए रखे हुए सामान को निकालने कहा।

# धुर्वापारा से ओडिशा सीमा तक की सड़क जर्जर, राहगीर परेशान; मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर और देवभोग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कें अपनी खराब गुणवत्ता के कारण जल्द ही जर्जर हो गई हैं। इन सड़कों की दुर्दशा से स्थानीय लोगों और स्कूली छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर से 3 किमी दूर गौरघाट से देहारगुड़ा, गिरहोला, रामपारा मार्ग पर बनी सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन आज तक कोई मरम्मत नहीं की गई। इसी तरह, देवभोग के धुर्वापारा से मगररोडा (ओडिशा सीमा) को जोड़ने वाली सड़क की हालत भी बेहद खराब है। यह सड़क निर्माण के साल भर बाद ही टूटने लगी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान साइट इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं रहते थे, जिससे ठेकेदारों ने मनमाने ढंग से काम किया। इसका नतीजा यह हुआ कि बारिश के मौसम की शुरुआत में ही सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और दरारें पड़ गई हैं। इन गड्ढों में पानी भरने से दोपहिया वाहनों का चलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

## पीएम ग्राम सड़क योजना की बदहाल सड़कें, परेशानी बढ़ी



### शिकायतों के बावजूद प्रशासन उदासीन

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे नाराज ग्रामीण अब सीधे कलेक्टर से शिकायत कर सड़क की मरम्मत की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं। लोगों का यह भी कहना है कि इस सड़क से क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं, फिर भी किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द इन सड़कों की मरम्मत कर लोगों को राहत देने की अपील की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक कार्रवाई करता है।



## समस्या : क्षेत्र में 15 से 20 कुत्तों के झुंड सड़कों, चौराहों और गलियों में घूमते रहते हैं

# आवारा कुत्तों का जारी है आतंक तीन लोगों पर फिर किया हमला

हरिभूमि लगातार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे आम लोगों में डर और दहशत का माहौल है। पिछले एक पखवाड़े में इन कुत्तों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। जानकारों का कहना है कि बड़े शहरों से इन कुत्तों को रात में गाड़ियों में लाकर जंगल में छोड़ा जा रहा है, जो अब मैनपुर नगर और आसपास के गाँवों में आतंक मचा रहे हैं।

रविवार को फिर इन आवारा कुत्तों ने तीन लोगों पर हमला किया। एक घटना में, ग्राम बासीन के दो बच्चे जो अपने परिवार के साथ मैनपुर बस स्टैंड आए थे, उनके हाथ से समोसा छीनने के प्रयास में कुत्तों ने उन्हें काटकर घायल कर दिया। वहीं, खेत में काम कर रहे भोलेश्वर को भी कुत्तों के झुंड ने दौड़ाकर काट लिया। यह कोई नई बात नहीं है, आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्र में 15 से 20 कुत्तों के झुंड सड़कों, चौराहों और गलियों में घूमते रहते हैं, जो लोगों पर हमला करने से भी नहीं चूकते। ये कुत्ते मवेशियों पर भी हमला कर रहे हैं, जिससे किसानों और पशुपालकों को भारी नुकसान हो रहा है।






आतंक : राहगीरों पर झपट पड़ते हैं कुत्तों का झुंड, फिर तीन लोगों को काटा
आवारा कुत्तों का आतंक, झुंड बना कर रहे हैं हमला, दहशत में लोग

### प्रशासन की बेरुखी से लोग परेशान

मैनपुर, हरदीभाठा, नहानबिरी, भाठीगढ़, जाड़ापदर, नदीपारा सहित कई गाँवों में कुत्तों के आतंक से लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन के पास इस समस्या से निपटने के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है। इस बारे में स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश नायक ने बताया कि यदि कुत्तों को अस्पताल लाया जाए तो उनकी नसबंदी की जा सकती है, लेकिन अन्य विभाग इस समस्या को सुलझाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसी वजह से बच्चों की सुरक्षा को लेकर माता-पिता बहुत चिंतित हैं और उन्हें खुद ही बच्चों को स्कूल तक छोड़ने जाना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देने और आवारा कुत्तों के आतंक से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

# नहरों को नुकसान पहुंचाने पर होगी कड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ सीजन की सिंचाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सिंचाई विभाग गरियाबंद ने किसानों और ग्रामीणों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि नहरों में रुकावट पैदा करने, उन्हें काटने या मछली पकड़ने के लिए जलद्वारों से छेड़छाड़ करने पर सिंचाई अधिनियम 1931 की धारा 94 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग गरियाबंद ने बताया कि 1 अगस्त, 2025 से राजिम, फिंगेश्वर और पांडुका क्षेत्र में नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जा रहा है।

उन्होंने किसानों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में विभाग का सहयोग करें। विभाग ने जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए 3 सितंबर, 2025 से फिंगेश्वर वितरक शाखा में अलग-अलग आर.डी. (रिड्यूस्ड डिस्टेंस) स्थानों पर सप्ताहवार नियंत्रित जल आपूर्ति शुरू करने का निर्णय लिया है।

**सख्ती से नियम पालन की चेतावनी-** सिंचाई विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई ग्राम पंचायत या किसान सरकारी संपत्ति (नहरों) को नुकसान पहुँचाने या जल प्रवाह को बाधित करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने किसानों को आश्वस्त किया है कि सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है, इसलिए वे केवल निर्धारित स्थानों (कुलाबों) से ही पानी लें और नहरों को सुरक्षित रखें।

### जल आपूर्ति का सप्ताहवार कार्यक्रम
- आरडी 37650 मी. से 48300 मी.
- आरडी 12150 मी. से 37650 मी.
- आरडी 1440 मी. से 12150 मी.

# साइकिल रैली व वॉलीबॉल स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने रविवार को गांधी मैदान में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 'संडे ऑन सायकल' कार्यक्रम और एक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली की शुरुआत की। रैली गांधी मैदान से शुरू होकर शारदा चौक होते हुए गौरव पथ से वापस गांधी मैदान पर समाप्त हुई। इस रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं और नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। साइकिल रैली के बाद, एक सद्भावना वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप टीम ने पहला और भगत सिंह टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, एकता और टीम भावना को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने युवाओं से ▶▶| शेष पेज 8 पर





# जिले में बीजेपी उपाध्यक्ष व सांसद रूप कुमारी का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महासमुंद लोकसभा सांसद और भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी का गरियाबंद में पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नगर के तिरंगा चौक पर आयोजित एक समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक लोक नृत्यों के साथ उनका जोशीला अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। सांसद चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है, और संगठन हमेशा उनके सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इस अवसर को गरियाबंद के कार्यकर्ताओं के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया और इस भव्य स्वागत के ▶▶| शेष पेज 8 पर

## नारियल के बजाय दानपेटी में 10-20 रुपये दान कर रहे लोग

# नारियल के दाम आसमान पर, 30 रुपये के पार पहुंची कीमत, व्यापारी भी परेशान, घट गई बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इस साल की शुरुआत से ही नारियल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे ग्राहक और व्यापारी दोनों परेशान हैं। एक समय 18 से 20 रुपये में मिलने वाला नारियल अब 30 रुपये से भी ज़्यादा में बिक रहा है, जिसने आम ग्राहकों का बजट बिगाड़ दिया है। व्यापारियों के लिए ग्राहकों को बढ़ी हुई कीमतों के लिए मनाना मुश्किल हो गया है। कई दुकानदार तो अब अपनी दुकानों में नारियल रखने से भी कतराने लगे हैं, क्योंकि ग्राहक बढ़ी हुई कीमत पर भुगतान करने को तैयार नहीं हैं। किराना व्यापारी दिलीप जयसवाल, गुड्डा मेमन, भूपेंद्र यादव, छन्नू ठाकुर और पतेभान राजपूत ने बताया कि जो ग्राहक पहले चार नारियल खरीदते थे, वे अब सिर्फ दो से ही काम चला रहे हैं।



**धार्मिक आयोजनों पर असर-** त्योहारों के मौसम में यह महंगाई और भी ज़्यादा असर डाल रही है। मंदिरों में जाने वाले लोग भी अब सोच-समझकर नारियल खरीद रहे हैं। कई ग्राहक नारियल खरीदने के बजाय दानपेटी में 10-20 रुपये दान कर दे रहे हैं। जब तक ग्राहक इन बढ़ी हुई कीमतों को स्वीकार नहीं करते, तब तक व्यापार मुश्किल में रहेगा।


**फिलहाल कीमत कम होने की उम्मीद नहीं-** गणेशोत्सव के बाद नवरात्रि और फिर दिवाली तक नारियल की मांग काफी ज़्यादा रहती है। ऐसी स्थिति में, फिलहाल नारियल की कीमतों में कोई कमी आने की संभावना नहीं है।

# किसानों ने फिर अपनाई रागी की पारंपरिक खेती

## कम लागत में अधिक मुनाफे की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के किसानों ने कृषि विभाग की पहल पर एक बार फिर पारंपरिक रागी की खेती शुरू कर दी है। यह फसल न केवल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि इसमें लागत भी कम लगती है और मुनाफा ज़्यादा होता है। सरगीपारा के किसान कूमोराम सूर्यवंशी और झरझरा पारा के सनदराम जगत ने बताया कि उन्होंने अभी कम मात्रा में रागी लगाई है, लेकिन भविष्य में इसे और बढ़ाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह खेती उनके पूर्वजों के समय से होती आ रही है, लेकिन समय के साथ बंद हो गई थी। किसान अब पारंपरिक तरीकों को अपना रहे हैं, जैसे धान की तरह नर्सरी में रागी की बुवाई कर फिर रोपाई के माध्यम से लाइन विधि से पौधों को लगाना। इस विधि से उपज अधिक होती है, जबकि सीधी बुवाई में घास ज़्यादा होने से उत्पादन घट जाता है।



**स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है रागी-** डॉ. राहुल नेताम ने बताया कि रागी खाने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। रागी की रोटियां शुगर, बीपी और कुपोषण जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। खासकर कुपोषित बच्चों को रागी ▶▶| शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### सांसद मोइत्रा के खिलाफ थाने में शिकायत

**रायपुर।** गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने पुलिस अधीक्षक, रायपुर के नाम माना पुलिस थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा। इस पत्र में सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा देश के गृह मंत्री मित शाह के विरुद्ध दिए गए कथित विवादित बयान को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए, इसे गृह मंत्री की हत्या के लिए उकसाने जैसा कृत्य बताया। गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने अपने पत्र में कहा, जब देश के सर्वोच्च सदन में चुनी गई एक सांसद द्वारा इस प्रकार का बयान दिया जाता है, तो यह न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह समाज में अराजकता, अशांति और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने का भी कार्य करता है। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए महुआ मोइत्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196, 197, 109 तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

### किशोरी तालाब में डूबी, मिर्गी का दौरा पड़ने की आशंका

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में एक 17 साल की किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, अभनपुर निवासी किशोरी शुक्रवार को घड़ा लेकर तालाब में पानी भरने गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर किशोरी के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सुबह पुलिस को तालाब में किशोरी की लाश होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने परिजनों से लाश की शिनाख्त कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी को मिर्गी का दौरा पड़ता रहता था।

### आबकारी में शिकायत करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने तीन लोगों के खिलाफ आबकारी विभाग में शिकायत करने तथा पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। झांकी निवासी अनिल कुमार जोशी ने मदन, रंजीत तथा खिलावन बघेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।


# महानदी जल विवाद सुलझाने छत्तीसगढ़ और ओडिशा मिलकर खोजेंगे समाधान

**इंजीनियरों की टीम हर हफ़्ते करेगी काम, महानदी पर बनेगा समन्वय का नया ढांचा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लंबे समय से चले आ रहे महानदी जल विवाद को सुलझाने के लिए छत्तीसगढ़ और ओडिशा ने बातचीत का रास्ता चुना है। दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों और जल संसाधन सचिवों की बैठक शनिवार को नई दिल्ली में हुई, जिसमें मिलकर समाधान खोजने पर सहमति बनी।

बैठक में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिवों और जल संसाधन विभाग के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक में दोनों राज्यों ने माना कि यह समस्या बहुत पुरानी और कठिन है, लेकिन लोगों और दोनों



राज्यों के भले के लिए इसका समाधान मिल-बैठकर निकालना ही होगा। दोनों राज्यों ने यह वादा किया कि वे ईमानदारी और खुले मन से बातचीत करेंगे, ताकि महानदी जल विवाद का हल ऐसा निकले, जो सबके लिए लाभकारी हो। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह पहल सफल रही, तो यह न सिर्फ ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल होगी कि बड़े और पुराने विवाद भी आपसी बातचीत और सहयोग से सुलझाए जा सकते हैं।

#### अगले माह से हर हफ्ते बैठक

बैठक में यह भी तय हुआ कि सितंबर से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियां, जिनमें इंजीनियर और विशेषज्ञ होंगे, हर हफ़्ते बैठक करेंगी। ये समितियां मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी। साथ ही, वे यह भी देखेंगी कि कैसे दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकता है।

#### दिसंबर में दोनों राज्यों के सीएम कर सकते हैं मुलाकात

अक्टूबर में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव एक और बैठक करेंगे। इसमें जल संसाधन सचिव भी शामिल होंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दिसंबर तक दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री भी मुलाक़ात कर सकते हैं और आगे की दिशा तय करेंगे।

**यह है विवाद :** महानदी छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से निकलकर ओडिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी में मिलती है। ओडिशा का आरोप है कि छत्तीसगढ़ ने महानदी पर कई बांध और बैराज बनाकर पानी रोक लिया है, जिससे ओडिशा में गर्मी और खेती के मौसम में पानी की भारी कमी हो जाती है। वहीं छत्तीसगढ़ का कहना है कि उसने अपनी ज़रूरत के हिसाब से योजनाएं बनाई हैं और ओडिशा को भी पर्याप्त पानी मिलता है। यही विवाद कई सालों से चला आ रहा है और इसे हल करने के लिए केंद्र सरकार ने महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल भी बनाया था।

**महुआ मोइत्रा के बयान को बताया विपक्ष की दूषित मानसिकता का प्रमाण**

# मुख्यमंत्री साय बोले- अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करोड़ देशवासियों के सम्मान पर चोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद द्वारा की गई टिप्पणी करोड़ देशवासियों के सम्मान पर चोट है। यह न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह गंभीर आपराधिक कृत्य है। यह मुद्दा केवल एक व्यक्ति पर की गई टिप्पणी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की गरिमा और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा हुआ विषय है। यह घटना बताती है कि विपक्ष किस प्रकार राजनीति में निम्न स्तर तक गिर चुका है और किस प्रकार व्यक्तिगत आक्षेपों के माध्यम से लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को लगातार ठेस पहुंचाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी टिप्पणियां यह दर्शाती हैं कि जब विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं रह जाता, तो वह देश के शीर्ष नेतृत्व पर व्यक्तिगत और अपमानजनक हमले करता है। उन्होंने इसे दूषित मानसिकता और राजनीतिक दिवालियापन की संज्ञा दी और कहा, जो लोग जनता को सकारात्मक दिशा देने में असमर्थ



हैं, वे इसी तरह की बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। श्री साय ने कहा, इस तरह के आपत्तिजनक वक्तव्य केवल संसद और राजनीति की गरिमा को ही नहीं, बल्कि आम जनता की संवेदनाओं को भी आहत करते हैं।

श्री साय ने कहा, तृणमूल कांग्रेस की आलाकमान और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुमति और शह के बिना इस प्रकार की दुस्साहसपूर्ण टिप्पणी संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा, पार्टी की संस्कृति और नेतृत्व का असर कार्यकर्ताओं और सांसदों के आचरण में परिलक्षित होता है। जब एक सांसद इस प्रकार का बयान देती हैं, तो यह मान लेना स्वाभाविक है कि इसके पीछे नेतृत्व की मौन सहमति या प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन अवश्य रहा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, यदि ऐसा नहीं है, तो ममता बनर्जी को तुरंत सार्वजनिक रूप से इसका खंडन करना चाहिए और अपनी पार्टी की नेत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## नितिन नवीन बोले- अब समय आ गया है कांग्रेस को मिट्टी में मिला दिया जाए

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां पर की गई टिप्पणी के साथ ही अमित शाह को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान को लेकर



कहा, किस प्रकार की बेचैनी निराशा और संस्कार के ये लोग आए हैं। अब समय आ गया है कि कांग्रेस को मिट्टी में मिला दिया जाए। भाजपा की बैठक लेने रायपुर पहुंचे नितिन नवीन ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से लेकर जो भी इस तरह के बयान देते हैं, उससे उनके कार्यकर्ता भी तो यही सीखेंगे। जिस मिट्टी से उनकी उत्पत्ति हुई, उसे ही गली दे रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जब जब नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे गए, जनता ने इसका जवाब दिया है और उनको आशर्वाद भी दिया है। देखना इस बार बिहार में भी भाजपा और मजबूत होकर सामने आएगी।

#### साय की विश्वनीयता बढ़ी है

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लेकर श्री नवीन ने कहा, जिस तरह से कम समय में ही उन्होंने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है, उनसे उनकी विश्वनीयता बढ़ी है। मुख्यमंत्री लगातार बाहर से भी निवेश जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।वे विदेश यात्रा पर भी गए थे। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मुख्यमंत्री लगातार काम कर रहे हैं।

#### भाजपा की टीम को देंगे प्रशिक्षण

रायपुर में होने वाली कार्यशाला को लेकर उन्होंने कहा, राज्यों में राज्यों की जो भी भाजपा की नई टीमें बनीं है, उनको प्रशिक्षण देने का काम राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां भी प्रदेश संगठन की कार्यशाला हो रही है। इसमें सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी रहेंगे। श्री नवीन से रायपुर पहुंचने पर उनका स्वागत भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारियों ने किया।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली साइकिल रैली




**राजिम।** नगर के प्रतिष्ठित शासकीय पंडित रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजिम में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रदीप नायर के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में विद्यालय के एनसीसी अधिकारी व्याख्याता सागर शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुई। उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके अनुशासन, समर्पण और खेल भावना को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। छात्र सैनिकों द्वारा भाला, गोला, बैडमिंटन रैकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल जैसी खेल सामग्रियों की पूजन अर्चन कर खेलों के प्रति सम्मान और आस्था व्यक्त की। इसके बाद स्वास्थ्य के लिए दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कैडेट्स और छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर फिट इंडिया - हिट इंडिया का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में बच्चों ने खेलों के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और अनुशासन की महत्ता को चित्रों के माध्यम से रेखांकित किया। वहीं, एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली गई साइकिल रैली ने नगर का ध्यान आकर्षित किया। इस रैली में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव पार्षद भारत यादव, बलराम यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख चौराहों से होते हुए नगर पंचायत राजिम परिसर में सम्पन्न हुई जहां नगर पंचायत अध्यक्ष ने कैडेट्स को संबोधित कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत राजिम के अधिकारी,कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### भेण्डरी के किसान ने पत्नी की याद में 700 छात्रों को कराया भोजन

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी के किसान देवलाल साहू ने अपनी दिवंगत पत्नी, स्वर्गीय दशमत साहू की स्मृति में एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने प्राथमिक, माध्यमिक और वीर शहीद बलराम सिंह ध्रुव हाईस्कूल के लगभग 700 छात्रों को 'नेवता भोज' (विशेष भोजन) कराया। इस भोज में खीर, पूरी, दाल और चावल जैसे व्यंजन शामिल थे। यह पहली बार नहीं है जब देवलाल साहू ने स्कूल के लिए योगदान दिया है। इससे पहले भी वह इसी स्कूल को छात्रों की पढ़ाई के लिए एक प्रोजेक्टर और एक लैपटॉप दान कर चुके हैं। उनके इस कार्य की सराहना पूरे गांव में हो रही है।

### प्राचार्य पदोन्नति पर संघ ने जताया शिक्षा मंत्री का आभार

**राजिम।** वर्षों से लंबित शिक्षा विभाग के आदिम जाति कल्याण विभाग में 1222 व्याख्याता तथा पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपाठक का प्राचार्य पदोन्नति आदेश 29 अगस्त को जारी किए जाने पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय ठाकुर, संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, शंभा सचिव ओंकारप्रसाद वर्मा, टिकेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष मुरारी देवांगन, आत्माराम साहू ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### कौंदकेरा कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में हुआ भव्य आयोजन



**कोपरा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला कौंदकेरा में संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मुरारी लाल सोनी और अन्य शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और नारियल फोड़कर हुई। इसके बाद, प्रधान पाठक अंतेश्वरी निराला ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मुरारी लाल सोनी ने अपने 38 साल से भी ज़्यादा के शैक्षणिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षकों को बच्चों के साथ मित्र की तरह व्यवहार करना चाहिए ताकि वे बिना किसी डर के शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश भी दिया। वहीं, शिक्षक पूरन साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक शिक्षक जीवन भर समाज के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। गणित शिक्षिका रेखा राजपूत ने सोनी सर के सरल और सादगीपूर्ण जीवन की प्रशंसा करते हुए उनके सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर भोजलता सेन ने 'आने वाला पल जाने वाला है' गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक दुर्गा सिंह ठाकुर, पूर्व समन्वयक सदासाहू सहित कई शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधान पाठक शोभाराम साहू ने किया और आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक नरेश साहू ने किया। अंत में, स्कूल परिवार की ओर से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मुरारी लाल सोनी को शॉल, श्रीफल, कलम, डायरी और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# हिंदी और गणित प्रशिक्षण का डाइट टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर और जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के निर्देश पर, बीआरसी कार्यालय फिंगेश्वर में कक्षा 6वीं के हिंदी और गणित विषयों के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी और विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण 30 अगस्त को डाइट प्रभारी अजय मिश्रा और डीसी देवांगन ने किया। निरीक्षण के दौरान, छत्तीसगढ़ी भाषा को पाठ्यक्रम में कम महत्व दिए जाने पर अजय मिश्रा ने कहा कि बच्चे अपने परिवेश से छत्तीसगढ़ी संस्कृति से परिचित होते ही हैं। इसलिए पाठ्यक्रम में अन्य राज्यों और संस्कृतियों को शामिल करने से उनके सामान्य ज्ञान और दूसरी संस्कृतियों की जानकारी बढ़ती है, जो उनके समग्र विकास के लिए ज़रूरी है।




**त्रुटियों को सुधारने का आश्वासन-** जब शिक्षकों ने नई पाठ्यपुस्तकों में कुछ त्रुटियों की तरफ ध्यान दिलाया, तो अजय मिश्रा ने अगले वर्षों में शिक्षकों को भी पाठ्यपुस्तक निर्माण में शामिल करने का आश्वासन दिया।उन्होंने प्रशिक्षण के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि यह शिक्षकों को व्यवस्थित ढंग से पढ़ाने, पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने और प्रभावी शिक्षण विधियाँ लागू करने में मदद करता है। इससे छात्रों की समझ में सुधार होता है और वे परीक्षाओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो पाते हैं। डी.सी. देवांगन ने कहा कि पाठ्यपुस्तकें प्रभावी शिक्षण के लिए व्यवस्थित जानकारी प्रदान करती हैं और सभी छात्रों को एक समान पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराती हैं। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर *गोपाल कंसारी, युगल किशोर यदुवंश, रेखा राजपूत, जय प्रकाश भोई, आशा राम साहू, ओम प्रकाश साहू, लेखापाल मनीष देवांगन, चेतन गायकवाड़, नेतराम तारक सहित ब्लॉक के कई शिक्षक उपस्थित थे।

# सितंबर का बिजली बिल बढ़कर मिलेगा दरों के साथ एफपीपीएस शुल्क भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- एफपीपीएएस शुल्क में भी इस बार इजाफा

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार सितंबर के बिल में महंगी बिजली का डबल झटका लगेगा। अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना में 400 यूनिट तक बिल हॉफ को कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर हजार रुपए ज्यादा बिल देना पड़ेगा। इसी के साथ जुलाई के लिए जो एफपीपीएएस तय किया जा रहा है, वह छह से सात फीसदी लगने



वाला है। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आएगा, तो इसमें जुलाई में की गई खपत पर एफपीपीएएस शुल्क भी लगेगा। बीते माह यह शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में था। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका इस साल अप्रैल के बिल में नहीं लगा था। मई में फिर शुल्क 7.32 फीसदी लगा। जून के बिल में एफपीपीएएस 0.12 माइनस हो गया। इसके बाद जुलाई में भी एफपीपीएएस शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में रहा, लेकिन अब एक बार फिर से एफपीपीएस शुल्क बढ़ रहा है।

#### 400 यूनिट की खपत पड़ेगी भारी

प्रदेश भर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब तक 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल आधा देना पड़ता था। इसमें ऊर्जा प्रभार के साथ एफपीपीएएस शुल्क आधा लगता था तो हजार रुपए बिल में कम हो जाते थे। लेकिन अब अगस्त से बिजली बिल हॉफ की सीमा को सौ यूनिट कर दिया गया है तो 400 यूनिट की खपत करने वालों को हजार रुपए ज्यादा देने पड़ेंगे। सौ यूनिट से ज्यादा खपत होने पर सौ यूनिट पर भी हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

## पेज 7 के शेष...

### साइकिल रैली व वॉलीबॉल...

खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। विजेता टीमों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर पालिका परिषद के सभापति सुरेंद्र सोनटेके, पार्षद सूरज सिन्हा, व्यायाम शिक्षक संजीव साहू, नलनी सोनकुंवर, सूरज महाड़िक, नंदकुमार रात्रे, निलेश देवांगन, देवेंद्र बंजारी, नितिन बखारिया, गिरीश शर्मा, दानवीर साहू, लोकेश ध्रुव, होरिलाल साहू और चम्पेश्वर यादव का विशेष योगदान रहा।

### जिले में बीजेपी उपाध्यक्ष...

लिए सभी का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह में जिला महामंत्री आशीष शर्मा, उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी, पदुमलोचन जगत, सुरेंद्र सोनटेके, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, रिखीराम यादव, लालिमा ठाकुर, आसिफ़ मेमन, बलदेव सिंह हुंदल सहित बड़ी संख्या में भाजपा जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे। सांसद चौधरी के स्वागत से पूरा नगर जयघोष और नारों से गूंज उठा।

### किसानों ने फिर...

खिलाने से पोषण की कमी पूरी होती है।

**बाजार में बढ़ रही है मांग-** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि रागी की फसल लगाए हुए एक महीना हो चुका है और पौधे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोपाई विधि सबसे प्रभावी है क्योंकि इससे सबसे ज़्यादा पैदावार मिलती है। इसके अलावा, अब बाजार में भी रागी की मांग बढ़ गई है, जिससे किसान इसे व्यावसायिक फसल के रूप में भी अपना सकते हैं। उन्होंने किसानों को जैविक खाद का उपयोग करने की सलाह दी, क्योंकि इससे अच्छी उपज मिलती है और यह रासायनिक खादों से बेहतर है।

## खबर संक्षेप



### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदार

**फिंगेश्वर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश और पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में 30 अगस्त, शनिवार को ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए सर्वेक्षण और चुनाव किया गया। इस बैठक में पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल और फिंगेश्वर ब्लॉक के प्रभारी सुखचंद बेसरा की उपस्थिति में चार दावेदारों के नाम सामने आए। इनमें पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू, राजेश यादव, दानसिंग निषाद और सुघरमल आड़े शामिल हैं। इन चारों ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए प्रभारी सुखचंद बेसरा को आवेदन सौंपा। बैठक के दौरान, अधिकतर कार्यकर्ताओं ने पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू को फिर से अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की, जबकि कुछ सदस्यों ने एक नए चेहरे को मौका देने की बात कही। इस पर वरिष्ठ नेताओं ने सर्वेक्षण के अनुरूप ही चुनाव करने का आश्वासन दिया। आज की इस बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य भवानी शुक्ल, जिला अध्यक्ष भावसिंग साहू, पुष्पा जगन्नाथ साहू, ओमप्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष राजिम पवन सोनकर, फिंगेश्वर नगर अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी सहित कई वरिष्ठ और युवा नेता उपस्थित थे।

### कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में गौकरण प्रथम



**राजिम।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 में ॐ गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिदिन सुबह और शाम 7 बजे गणेश जी की भव्य आरती और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलो का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है। महिलाएं बच्चे भगवान गणेश जी की सामूहिक आरती में शामिल होते है। इस अवसर पर कुर्सी दौड़ का शानदार आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में गौकरण पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समिति के पदाधिकारियो ने गुलाल व पुष्पमाला से स्वागत किया। पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने बताया कि ओम गणेश समिति के सदस्यों ने इस वर्ष गणेश उत्सव को आकर्षक व भव्य बनाने की दिशा में काम कर रहे है। माता बहनों को अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पारंपरिक खेलों का आयोजन कर प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोमेश दुबे, हरशु महाराज, भूपेंद्र दुबे, प्रीत दुबे सहित मुहल्ले के युवा जुड़े हुए है।

### सड़क पर घायल युवक को मनोज ने पहुंचाया अस्पताल

**रसेला।** छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत चुरकीदादर में एक समाजसेवी ने अपनी तत्परता से एक घायल युवक की जान



बचाकर मानवता का बेहतरीन उदाहरण पेश किया।

जानकारी के मुताबिक, सड़क किनारे एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। इसकी सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच पति बिशाखा राम मरकाम ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद, उन्होंने समाजसेवी मनोज पटेल से मदद मांगी। मनोज पटेल ने बिना देरी किए घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को तुरंत अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से युवक की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने मनोज पटेल के इस कार्य की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि मनोज पटेल इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक सदस्य भी हैं और समाजसेवा के कामों में हमेशा आगे रहते हैं।

**आस्था :** राम नाम सप्ताह 90 साल पुरानी परंपरा आज भी जीवंत

# कोपरा में दशकों पुरानी राम नाम सप्ताह की परंपरा जारी, भक्ति से गूंज रहा पूरा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भगवान कर्पूरेश्वर महादेव की नगरी कोपरा में दशकों से चली आ रही एक अनूठी धार्मिक परंपरा 'राम नाम सप्ताह' आज भी पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है। नगर की सुख-शांति और समृद्धि के लिए हर साल यह आयोजन प्राचीन हनुमान मंदिर में होता है। इस वर्ष भी यह समारोह 30 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चलेगा। इस आयोजन में पूरे 24 घंटे लगातार राम नाम का संकीर्तन ढोलक, मंजीरा और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ किया जा रहा है, जिससे पूरा नगर भक्तिमय हो गया है। इस आयोजन की खास बात यह है कि नगर के सभी 15 वार्डों के लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और हर घर से श्रद्धालु इसमें शामिल होते हैं। नगर पुरोहित मेघानंद शुक्ला और अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि इस परंपरा की शुरुआत 1930 के दशक में तत्कालीन जमींदार हनुमत सिंह लूम सिंह के पिताजी के घर पर हुई थी। उस समय परसू राम शुक्ला, रामा यादव, जुड़ावन साहू, शिवलाल सिन्हा और लुदुराम सिन्हा जैसे परिवारों ने मिलकर इसकी नींव रखी थी। तब से यह आयोजन बिना रुके हनुमान मंदिर में होता आ रहा है।

**शांति और समृद्धि का प्रतीक–** यह मान्यता है कि राम नाम सप्ताह के आयोजन से नगरवासियों को किसी भी विपत्ति से बचाव मिलता है और खेती-किसानी में भी भरपूर फसल होती है। इसी आस्था के कारण, इस सप्ताह के दौरान पूरे नगर में मांसाहार और शराब की बिक्री व सेवन पूरी तरह से बंद रहता है। यह भक्ति और आस्था से भरा सप्ताह कोपरा के धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को और भी खास बना रहा है।







## गुड़ी चौक पर 10 फीट की गणेश प्रतिमा स्थापित, 41वें वर्ष भी उत्साह बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर के प्रतिष्ठित गुड़ी चौक स्मृति गणेश उत्सव समिति ने इस साल भी गणेश उत्सव की धूम मचा दी है। ब्राह्मण पारा में स्थापित भगवान गणेश की 10 फीट की भव्य प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नवागांव के मूर्तिकार द्वारा बनाई गई यह प्रतिमा अपनी खूबसूरती और भव्यता से सबका मन मोह रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह उनके उत्सव का 41वां वर्ष है, जो पिछले 40 सालों से लगातार चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। इस



साल गणेश जी की प्रतिमा के चार हाथ हैं। एक हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है, दूसरे में मोदक है, जबकि बाकी दो हाथों में शस्त्र धारण किए गए हैं। समिति के सदस्य राधेश्याम गुप्ता, अशोक शर्मा, आशीष गुप्ता और अन्य ने बताया कि मंदिर में रोजाना सुबह-शाम पूजा और आरती होती है। शाम की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। आरती के बाद त्रिवेणी संगम मानस परिवार द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें भक्तगण उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। श्रद्धालुओं के लिए रोजाना प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।

### भेण्डरी में 15 स्थानों में विराजे है गणपति



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में कुल 15 स्थानो पर गणेश जी महाराज विराजे हुए है। हर पंडाल में ग्रामवासी धूमधाम से पूजा और आरती में शामिल हो रहे है। महुआपारा से लेकर बस्तीपारा ,चांदापारा तक सभी चौक में 15 स्थान में विघ्नहर्ता भगवान गणेश विराजमान है। शाम होते ही लाइट माइक के माध्यम से ये स्थल आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

### गणेश उत्सव की धूम...





**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों गणेश उत्सव का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। मैनपुर के श्री बाल गणेश उत्सव समिति कृषि विभाग और गुलमोहर चौक हरदीभाठा में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं।

## 15 शिक्षकों का त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम नवापारा करेगी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम नवापारा ने आगामी 7 सितंबर को आयोजित होने वाले सातवें संभागीय शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम सेमहरतरा में संपन्न की। इस बैठक में समिति के पदाधिकारियों के साथ सरपंच संघ फिंगेश्वर के अध्यक्ष हरीश साहू और जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति नंदनी ओंकार साहू सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। समिति ने बताया कि



इस वर्ष गरियाबंद, धमतरी और रायपुर जिले के 15 सेवानिवृत्त शिक्षकों को 'शिक्षक शिरोमणि सम्मान 2025' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्राम कौंदकेरा में आयोजित होगा। हरीश साहू, ओंकार साहू और मकसूदन साहू ने बताया कि यह आयोजन जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू के जन्मदिन के अवसर पर किया जा रहा है, जिसमें शिक्षक, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा।इस समारोह में एक विराट कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद आयोजन समिति द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। यह समिति पिछले सात वर्षों से लगातार इस तरह के सम्मान समारोह आयोजित कर रही है और अब तक 75 से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर चुकी है। इस बैठक में श्रवण कुमार साहू, युगल किशोर साहू, दूज लाल साहू, बाबू लाल साहू, किशोर निर्मलकर, भोजराज साहू सहित कई साहित्यकार और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मैनपुर में दुर्गा उत्सव की तैयारी शुरू, नई समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नवरात्र में दुर्गा उत्सव का पर्व धुमधाम के साथ परम्परा अनुसार मनाने रविवार तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें दुर्गा उत्सव पर्व को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा साथ ही सार्वजनिक दुर्गा उत्स्व समिति मैनपुर वर्ष 2025-26 पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल,



उपाध्यक्ष हेमेश्वरी कश्यप, उषा साहू, सचिव नरेश सिन्हा, उत्तम पटेल, हरिश्वर पटेल, सह सचिव रानी सेन कोषाध्यक्ष दिनेश सचदेव, सह कोष श्रीमति दुलेश्वरी पटेल, सरंक्षक बाबुलाल साहु बलदेव ठाकुर, दिलवर पटेल सीताराम पटेल थानू पटेल गोविंद पटेल धनेश्वर पटेल मधु सेन, सरपंच हनीता नायक, कुमारी पटेल, आरती ध्रुव, कुमारी बाई सिन्हा देवकी तिरधारी एवं कार्यकारिणी सदस्य खिलावन साहू, नरेन्द्र पटेल, दीपक यादव, गजेंद्र साहू निरज विश्वकर्मा, जनक यादव एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इस बैठक में प्रमुख रूप से झाकर किशन मरकाम, कांतीपटेल, पवन पटेल, डोमार पटेल, रूदेश्वर साहू खन्ना रामटेके एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

**साइबर अपराध और नशे के खिलाफ किया जागरूक**

## कुण्डेल में चला जागरूकता अभियान, ग्रामीणों ने रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

जिला पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश पर, फिंगेश्वर थाना द्वारा रविवार को ग्राम कुण्डेल में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को अपराधों के प्रति सतर्क करना और उन्हें सुरक्षित समाज बनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, थाना प्रभारी गौतम धौवड़े ने ग्रामीणों को अवैध गतिविधियों पर नज़र रखने, साइबर अपराधों से बचाव और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और सकारात्मक



दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने लोगों को किसी भी अनजान लिंक या एपीके फ़ाइल को डाउनलोड न करने, ओटीपी शेयर न करने और बैंक खातों को किराए पर न देने की सलाह दी। साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया। इसके अलावा, अवैध प्रवासियों के बारे में जानकारी देने के लिए टोल फ्री नंबर 18002331905 जारी किया गया, जिस पर सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

**ग्रामीणों ने पुलिस के सामने रखी अपनी समस्याएं–** कार्यक्रम के दौरान, ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा। उन्होंने शिकायत की कि शराब और गांजा बेचने वालों को पुलिस के आने से पहले ही खबर मिल जाती है, जिससे वे बच निकलते हैं। रोहन सिन्हा, हरिदर्शन सिन्हा और सुनीता पुरेना सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि इससे अपराधियों का हौसला बढ़ गया है। महिलाओं ने विशेष रूप से रात में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की आवाजाही को लेकर अपनी परेशानी बताई और कहा कि वे इससे तंग आ चुकी हैं। ग्रामीणों ने एक स्वर में शराब, गांजा और जुए का पुरजोर विरोध किया और पुलिस से इस पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## सिंधु युवा विंग ने दिव्यांग चंपू को व्हील चेयर प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर के सिंध युवा विंग ने एक दिव्यांग युवक चंपू साहू को व्हील चेयर प्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की है। संस्था के अध्यक्ष लक्की मेघवानी ने कहा कि /"मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी चंपू साहू पैरों से दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनकी परेशानी को देखते हुए, श्री सिंध युवा विंग ने मदद का हाथ बढ़ाया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि उन्हें सामाजिक कार्यकर्ता तुकाराम कंसारी के एक सोशल मीडिया पोस्ट, /"एक मसीहा की तलाश,/" से इस बारे में जानकारी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत मदद करने का फैसला किया। व्हील चेयर पाकर चंपू साहू



बहुत खुश और भावुक हो गए। उन्होंने इस मदद के लिए संस्था का दिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर श्री सिंध युवा विंग के विक्रम साधवानी, प्रवेश राजपाल, प्रदीप लालवानी, करण आयलसिंघानी, मंथन मध्यानी, सागर राजानी, दीपक गुनानी, सौरभ मध्यानी, हिमांशु सचदेव, गिरीश नागवानी, नीरज साधवानी, अमन चावला, आकाश पंजवानी, यश फोटानी, हर्ष गोविंदानी, गुलाब नत्थानी, निखिल साजवानी, वंश खुराना सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एसके वर्मा अकलवारा स्कूल के प्राचार्य नियुक्त

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अकलवारा में एसके वर्मा को हाल ही में प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया है। यह खबर मिलते ही विद्यालय परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी पदोन्नति पर, शिक्षक अरुण सिन्हा, धरमराज साहू, टिकेश कुमार यदु, घनश्याम यादव, नरेंद्र कुमार दिवान, राजेश तिवारी, सुरेश दिवान, इंद्रमन यादव, खोवा दिवान, और सुकल सिंह ध्रुव सहित विद्यालय के पूर्व छात्रों और शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खाद की कालाबाजारी व कमी जोरों पर : ध्रुव

**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर कहा की प्रदेश के किसान खाद की कमी से जूझ रहे है मैनपुर क्षेत्र के किसानों द्वारा आन्दोलन के बाद खाद पहुंची थी लेकिन अभी भी 25 प्रतिशत से अधिक किसानो को खाद नहीं मिल पाया है। आए दिनों किसानों की भीड़ सहकारी सोसायटी में लगी हुई है श्री ध्रुव ने प्रदेश सरकार पर युरिया खाद की भारी कमी पर कहा सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है। क्षेत्र के सहकारी सोसायटियों में यूरिया और डीएपी खाद नहीं मिल रहे हैं यूरिया की सरकारी किमत 266 रू. प्रति बोरी होने के बावजूद किसानों को इसे 800 रू. तक खरीदना पड़ रहा है। इन दिनों किसानों को खाद की बेहद जरूरत है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है।



### दीदी के गोठ कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**झलप।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत विशेष रेडियो प्रोग्राम दीदी के कहानी उन्हें की जुबानी दीदी के गोठ कार्यक्रम 31 अगस्त 2025 को आकाशवाणी द्वारा प्रसारित किया गया। वात्सल्य महिला संकुल संगठन झलप के तत्वावधान में गुरुद्वारा हॉल झलप में आयोजित इस कार्यक्रम में झलप क्लस्टर से पीआरसी थनेश्वरी साहू,कृषि सखी, बैंक मित्र, ग्राम संगठन पदाधिकारी समूह की दीदी उपस्थित रहे।

**विडंबना : साफ-सफाई और मरम्मत नहीं होने से व्यर्थ बह रहा पानी**

# नहरों की दुर्दशा से किसान हैं परेशान सफाई के नाम पर लाखों का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र में किसानों को इस बार सिंचाई के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत न कराए जाने से नहरें पूरी तरह से घास और झाड़ियों से अटी पड़ी हैं, जिससे पानी का बहाव बेहद धीमा हो गया है। इसके साथ ही, नहरों के किनारे बने रास्ते (पार) भी खराब हालत में हैं, जिससे किसानों को आवागमन में बहुत दिक्कत हो रही है। एक जांच में सामने आया है कि क्षेत्र के अधिकतर गांवों की नहरों की हालत बदहाल है। सूत्रों के अनुसार, हर साल सिंचाई विभाग को नहरों के रखरखाव और मरम्मत के लिए लाखों रुपये आवंटित किए जाते हैं, लेकिन इनका उपयोग काम में न होकर आपस में ही बांट लिया जाता है। कई जगहों पर छोटे नालियों में लाइनिंग का काम भी अधूरा है, जिससे किसानों को पानी पहुंचाने में भारी असुविधा हो रही है।

### किसानों में गहरा आक्रोश

राजिम, पीपरछेड़ी, बेलटुकरी, भैंसातरा, कौदकेरा, देवरी, जेंजरा, परतेवा, धुमा, श्यामनगर, पितईबंद, बकली, रांवड़, परसदा जोशी, पोखरा, हथखोज, पसौद, बासीन और बोरसी जैसे गांवों के किसान इस दुर्दशा से बेहद नाराज़ हैं। जेंजरा के किसान राजेंद्र साहू, सोमनाथ साहू और भुवन साहू ने बताया कि सिंचाई विभाग कई सालों से नहरों की सफाई पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंच पाता है। किसानों का सवाल है कि साफ-सफाई के लिए स्वीकृत होने वाली राशि आखिर जाती कहाँ है? इस मामले पर प्रतिक्रिया लेने के लिए राजिम सब डिवीजन के एसडीओ को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। उनके घर से बताया गया कि वह बाजार गए हुए हैं। जिले के अन्य अधिकारी भी अक्सर फोन उठाने या जानकारी देने से बचते हैं, जिससे आम जनता को सही जानकारी नहीं मिल पाती।





### राजिम सब डिविजन का हाल-बेहाल

गरियाबंद जिले का राजिम क्षेत्र धान की खेती के लिए जाना जाता है। यहां की सिंचाई व्यवस्था सिकासार जलाशय और कुकदा-पैरी पिकअप वियर से जुड़ी है। बाईं और दाईं कैनाल से लाखों हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होती है। हालांकि, दाईं कैनाल से निकलने वाली छोटी नहरों की हालत बेहद खराब है। 12-15 साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से किया गया स्लीपर का काम भी कई जगहों पर अधूरा छोड़ दिया गया है। फिंगेश्वर सब डिवीजन में भी इसी तरह का एक मामला सामने आया था, जब एक किसान ने सूचना के अधिकार के तहत खुलासा किया कि लाखों रुपये की राशि कागजों में काम दिखाकर हड़प ली गई है। इसके बाद राजिम क्षेत्र के किसान भी सचेत हो गए हैं।



## सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में एक शानदार स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान, विद्यालय के परिसर में अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के निदेशक जॉर्ज जेकब ने स्वागत भाषण देकर और मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण करके की। इसके बाद, विद्यालय की प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जेकब ने छात्रों को मेजर ध्यानचंद के जीवन, उनकी उपलब्धियों और भारतीय हॉकी में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन में कबड्डी और खो-खो जैसे कई खेल शामिल थे। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। छात्रों ने इस दिन को खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क की सीख के रूप में मनाया। कार्यक्रम के अंत में, स्कूल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि छात्रों को मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लोवित रत्नाकर, किशोर कुमार सिन्हा, दुष्यंत यदु, अरशद खान, जयलाल दास, नाहिदा बानो, परमेश्वरी साहू और अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षा मंत्री गजेंद्र का यादव समाज ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश स्तरीय सर्व यादव समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री के मंच पर पहुँचते ही पूरा सभागार जय यादव-जय माधव के नारों से गूंज उठा, जिससे माहौल में भारी उत्साह भर गया।

इस कार्यक्रम में समाज के अन्य सम्मानित लोग भी उपस्थित थे, जिनमें चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव और पूर्व सांसद व राजनांदगांव के पूर्व महापौर मधुसूदन यादव शामिल थे। विधायक रामकुमार यादव ने अपने पारंपरिक नृत्य राउतनाचा की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया, जिसने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। अपने प्रेरणादायक भाषण में मंत्री गजेंद्र यादव ने समाज के विकास और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को नई दिशा और नई ऊंचाई प्रदान कर सकती है। उन्होंने यादव समाज की एकता और समरसता को छत्तीसगढ़ की पहचान बताया। इस अवसर पर, पूरे प्रदेश के अलग-अलग जिलों, सरगुजा और बस्तर से हजारों समाज के सदस्य शामिल हुए। सभी ने उत्साहपूर्वक मंत्री का अभिनंदन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस सफल आयोजन का श्रेय प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व और रायपुर यादव समाज के युवाओं को दिया गया, जिन्होंने अनुशासन और संगठन का बेहतरीन परिचय दिया।



# एकलव्य विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक की हुई बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आज अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति और विद्यालय की उपलब्धियों को साझा करना था।

बैठक की शुरुआत में, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने अभिभावकों का स्वागत किया और विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100% और 12वीं का परिणाम 98.26% रहा, जो अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन है। डॉ. यादव ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सह-शैक्षणिक गतिविधियों और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई के लिए संविदा शिक्षकों की व्यवस्था की गई है और अतिरिक्त कक्षाएं भी चलाई जा रही हैं। छात्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नर्स और डॉक्टर की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

**पालक प्रतिनिधियों का चुनाव-** बैठक में अभिभावकों के सुझाव भी आमंत्रित किए गए, जिस पर उन्होंने विद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इसी दौरान, पालक प्रतिनिधियों का चुनाव भी हुआ, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों को चुना गया अध्यक्ष धनसिंह मरकाम, उपाध्यक्ष परागा ध्रुव, सचिव चैनसिंह सोरी, सह-सचिव, सुमेत भुआर्य

सक्रिय सदस्य जयलाल पाथर, सरिता मरकाम, पुनीतराम नागेश, भीखम सिंह ठाकुर, डागेश्वर ध्रुव और हसीना कंवर। बैठक के अंत में, प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा कि विद्यालय की सफलता तभी संभव है जब अभिभावक, शिक्षक और छात्र मिलकर काम करें। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन संस्कृत शिक्षक प्रशांत दुबे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### परिसर विकास और सुविधाओं में सुधार

*प्राचार्य ने विद्यालय के परिसर में हो रहे सुधारों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिसर में 8 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया जा रहा है, और जल्द ही 5 हाई मास्ट लाइट और 24 स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएंगी। इसके अलावा, नए अधीक्षक भवन, मेस और अकादमिक भवन का निर्माण अंतिम चरण में है। पुस्तकालय को नई किताबों और डिजिटल संसाधनों से अपडेट किया गया है।*

# दीदी का गोठ कार्यक्रम में महिलाओं ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम गिरसुल में रविवार को दीदी का गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। इस मौके पर जनपद पंचायत सभापति देवेंद्र ठाकुर और ग्राम पंचायत गिरसुल के सरपंच विशेष रूप से उपस्थित थे। दोनों ने महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और उनसे इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान, जनपद पंचायत सभापति देवेंद्र ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम गिरसुल में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा और इसके लिए 21 कुर्सियों की भी व्यवस्था की जाएगी। इस घोषणा से वहां मौजूद सभी महिलाओं और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदियों ने अपने बनाए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। यह प्रदर्शनी महिलाओं की आत्मनिर्भरता और क्षमता को दर्शाती थी, जिसे देखकर ग्रामीणों ने खूब सराहना की। महिलाओं ने आपस में सरकारी योजनाओं से मिली मदद और अपने अनुभव साझा किए, जिससे एक-दूसरे को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। 'दीदी का गोठ' कार्यक्रम ने गांव की महिलाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक विकास के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया।



# लोगों ने साइकिल चलाकर दिया फिटनेस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

रविवार की सुबह, छुरा शहर के निवासियों ने 'संडे ऑन सायकलडे' अभियान के तहत साइकिल चलाकर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस पहल में बड़ी संख्या में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन सुबह नगर के खेल मैदान से शुरू हुआ, जहां बड़ी संख्या में साइकिल सवार इकट्ठा हुए। रैली खेल मैदान से शुरू होकर बस स्टैंड, बजरंग चौक, सदर से होते हुए नगर पंचायत तक पहुंची। रैली के दौरान, प्रतिभागियों ने 'फिट इंडिया – ग्रीन इंडिया' जैसे नारे लगाकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर, फिटनेस ट्रेनर शीतल ध्रुव और योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने स्वास्थ्य और योग संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि ऐसे अभियानों से लोगों को नियमित रूप से साइकिल चलाने की आदत पड़ेगी, जिससे उनका स्वास्थ्य तो बेहतर होगा ही, साथ ही पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि साइकिल चलाना हमें अपनी मिट्टी से जोड़ता है और 'आत्मनिर्भर भारत' का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हमें साइकिल चलाना जारी रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में सभापति बलराज पटेल, भोलेशंकर जायसवाल, अजय दीक्षित, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, रामाधार यादव, मनोज दुबे और कमलेश्वर सिन्हा सहित कई गणमान्य नागरिक और खिलाड़ी उपस्थित थे।



**टीम ने नवाचारों की सराहना की, शैक्षणिक गुणवत्ता का किया मूल्यांकन**

# नीति आयोग की टीम ने मैनपुर-गरियाबंद के स्कूलों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नीति आयोग द्वारा "शिक्षा में मेंटरशिप को बढ़ावा देना समानता का मार्ग विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक टीम ने 30 अगस्त, 2025 को गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में शिक्षा की प्रगति का मूल्यांकन करना था। इस दौरे में शिक्षा मंत्रालय से ए. श्रीजा (आईईएस, आर्थिक सलाहकार) और श्री राम सिंह (आईईएस, उपनिदेशक) शामिल थे। उनके साथ राज्य और जिला स्तर के अधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें उपसंचालक श्री एके सारस्वत, सहायक संचालक श्री एम. सुधीश और भूपेश फाय, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर और जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला प्रमुख थे।



टीम ने सबसे पहले माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला देहारगुड़ा का दौरा किया। यहाँ, सरपंच, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों और अभिभावकों ने उनका स्वागत किया। अधिकारियों ने स्कूल में बने छोटे म्यूजियम, स्मार्ट क्लास और कई नई शैक्षिक गतिविधियों को देखकर सराहना की। ग्राम सरपंच और प्रधान पाठक ने बताया कि शाम को गाँव के पढ़े-लिखे युवा बच्चों को अतिरिक्त कक्षाएं देते हैं। टीम ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया, जहाँ छात्राओं की पढ़ाई, रहने की सुविधाओं और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की गई।

निरीक्षण की शुरुआत गरियाबंद के पीएम श्री प्राथमिक शाला नागाबुड़ा से हुई। टीम ने वहां जादुई पिटारा, विद्यार्थी विकास सूचकांक, एफएलएन किट और 'कबाड़ से जुगाड़' से बने मॉडलों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने छात्रों की पढ़ने, लिखने और गणितीय क्षमताओं का सीधे मूल्यांकन किया। इसके बाद, कलेक्टर बीएस उईके की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में एक बैठक हुई। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की शिक्षा योजनाओं पर चर्चा की गई। टीम ने जिले में शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान शिक्षा के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ भी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अतिथियों ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा में नवाचार और समुदाय की सक्रिय भागीदारी से जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में सकारात्मक प्रगति हो रही है।



